संख्या-1/5/वीआईपी-244/अड़तीस-5-2013/ 200 विधायक /2013 टंकी

प्रेषक,

दिनेश प्रताप सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 जल निगम,
लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-5 लखनऊः दिनांक 09 जनवरी, 2014

विषयः जनपद-सोनभद्र के विधान सभा क्षेत्र-घोरावल के अन्तर्गत गर्मियों में टैंकर से जलापूर्ति किये जाने वाले ग्रामों में सीरसी बन्धे से पेयजल योजना बनाकर जलापूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-301/ 2042-0008/13, दिनांक 06.11.2013 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों एवं मानकों के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र-घोरावल के अन्तर्गत ग्रामों में इन्टेकवेल बनाकर राइजिंग मेन के माध्यम से सी0डब्लू0आर0/ उच्च जलाशय बनाकर एक मल्टीविलेज वाटर सप्लाई स्कीम बनाये जाने के सम्बन्ध में डी0पी0आर0/आगणन प्राथमिकता के आधार पर तैयार कराकर आगामी एस0एल0 एस0एस0सी0 में विचारार्थ प्रस्तुत करने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही से शासन को शीघ्र अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
(दिनेश प्रताप सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://sharanadesh.up.nic.in